MINISTRY OF EDUCATION
TE TĀHUHU O TE MĀTAURANGA

पूछताछ के लिए, हमें NCEA.review@education.govt.nz पर या शिक्षा मंत्रालय के अपने स्थानीय कार्यालय को ईमेल करें।

अधिक जानकारी के लिए https://ncea.education.govt.nz पर जाएं।

NCEA चेंज प्रोग्राम

हमारे युवाओं के लिए NCEA को मज़बूत बनाना

MINISTRY OF EDUCATION
TE TĀHUHU O TE MĀTAURANGA

प्रत्येक वर्ष लगभग 150,000 छात्र NCEA के लिए अध्ययन करेंगे।

NCEA क्या है?

राष्ट्रीय शैक्षिक उपलब्धि प्रमाणपत्र/नेशनल सर्टिफिकेट ऑफ एजुकेशन एचीवमेंट (NCEA) न्यूज़ीलैंड में स्कूल स्तर की मुख्य पात्रता है। NCEA में तीन स्तर हैं — स्तर 1-3।

NCEA चेंज प्रोग्राम क्या है?

NCEA चेंज प्रोग्राम, शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित कार्यक्रम है, जिसमें NCEA को मजबूत बनाने के लक्ष्य के साथ सात परिवर्तन प्रस्तावित किए गए हैं। 2018 में, एक साल तक चलने वाली सार्वजनिक एन्गेजमेंट (सहभागिता) द्वारा इन परिवर्तनों की जानकारी दी गई, और फरवरी 2020 में सरकार द्वारा इसकी पुष्टि की गई।

NCEA परिवर्तन प्रस्तुत करने के लिए हम स्कूलों, युवा लोगों, परिवारों/फानाऊ (माओरी परिवार) और समुदायों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। जनवरी 2025 में 1, 2 और 3 स्तरों पर उपलब्धि के नए मानकों के साथ ये परिवर्तन, पाँच वर्षों के दौरान क्रमानुसार लागू होंगे।

NCEA चेंज प्रोग्राम की समयसीमा नीचे दिए गए वेब पते या क्यूआर कोड का उपयोग करके देखी जा सकती है।

https://ncea.education.govt.nz/what-ncea-change-programme

NCEA को मज़बूत बनाने के लिए परिवर्तन

1. **NCEA को अधिक सुलभ बनाना** – शून्य फीस, नि: शक्त शिक्षार्थियों, तथा शिक्षण सहायता ज़रूरत वाले शिक्षार्थियों के लिए कम रूकावटें, और शिक्षार्थी अपनी पढ़ाई में अपनी संस्कृति, पहचान, और भाषा की झलक देख सकेंगे।

2. **Mana ōrite mō te mātauranga Māori (NCEA में mātauranga Māori (मातोरांगा माओरी) के लिए समान दर्जा)** – NCEA में mātauranga Māori को समान महत्व और संसाधन मिलना सुनिश्चित करना, mātauranga Māori मार्गों तक पहुँच को व्यापक करना और शिक्षकों की दक्षता बढ़ाना।

3. **साक्षरता, और गणित का ज्ञान मज़बूत बनाना| te reo matatini me te pāngarau मानक और मूल्यांकन** – यह सुनिश्चित करना कि NCEA वाले छात्रों के पास ऐसी कार्यात्मक साक्षरता और गणितीय कौशल हों, जो उनको तृतीयक शिक्षा पाने, या कार्यस्थल में जाने के लिए तैयार बनाए।

4. **अपेक्षाकृत कम, बड़े मानक** – उपलब्धि के सभी मौजूदा मानकों के स्थान पर उपलब्धि के नए मानक और संसाधन विकसित करना और यह सुनिश्चित करना कि हर विषय में सबसे महत्वपूर्ण ज्ञान को मान्यता दी जाए।

5. **NCEA का ढाँचा सरल बनाना** – अब क्रेडिटों को अगले स्तर में नहीं ले जाया जा सकेगा। NCEA का प्रत्येक स्तर उत्तीर्ण करने के लिए Te Reo Matatini me te Pāngarau | साक्षरता और गणित के ज्ञान की सह-अपेक्षा के साथ साठ क्रेडिट आवश्यक होंगे।

6. **आगे शिक्षा या काम अथवा नौकरी के लिए मार्ग अधिक सुगम बनाना** जब कोई छात्र उच्चतर स्तर की व्यावसायिक शिक्षा में जाने के लिए तैयार हो, तो उसके स्पष्ट संकेत के लिए एक वोकेशनल एंट्रेंस अवार्ड/व्यावसायिक प्रवेश पुरस्कार विकसित करना और NCEA के माध्यम से व्यावसायिक संभावनाओं को मज़बूत बनाना NCEA

7. **NCEA स्तर 1 को ऐच्छिक रखना** – यह सुनिश्चित करना कि स्तर 1 छात्रों को व्यापक, आधारभूत शिक्षण प्रदान करे जो स्तर 2 और 3 पर आगे अध्ययन के लिए आवश्यक है, जहाँ अधिक विशेषज्ञता के लिए अवसर होंगे।